रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएन o ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 10/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **निम्नलिखित में से किस हाइड्रोकार्बन की हाइड्रोजन के साथ योगज अभिक्रिया होती है?**

Ans A). एलिसाइक्लिक हाइड्रोकार्बन B). ऐरोमैटिक हाइड्रोकार्बन C). असंतृप्त हाइड्रोकार्बन D). संतृप्त हाइड्रोकार्बन

Correct Answer: C

**Q.2** **कमरे में अनुरणन (reverberation) मापने के लिए प्रायः निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाता है?**

Ans A). स्रोत के रुकने के बाद ध्वनि के बने रहने की अवधि को मापना B). ध्वनि तरंग की आवृत्ति की गणना करना C). कमरे में ध्वनि की चाल को मापना D). सुनी गई प्रतिध्वनियों की संख्या की गणना करना

Correct Answer: A

**Q.3** **एक शहर एक नया विद्युत संयंत्र बनाने की योजना बना रहा है और ऊर्जा उत्पादन के कई विकल्पों में से चयन कर रहा है। यदि प्राथमिक लक्ष्य नवीकरणीय और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करना है, तो शहर को कौन-सा विकल्प चुनना चाहिए?**

Ans A). उपयोगिता-पैमाने का सौर प्रकाश-वोल्टीय फार्म B). एक वृहत् स्तरीय कोयला-ज्वालित संयंत्र C). उच्च क्षमता वाला प्राकृतिक गैस स्टेशन D). एक पारंपरिक नाभिकीय शक्ति परिसर

Correct Answer: A

**Q.4** **एक हीटर 1000 W पर रेटेड है। यदि इसे 2 घंटे के लिए उपयोग किया जाए, तो यह किलोवाट-घंटे में कितनी ऊर्जा की खपत करेगा?**

Ans A). 1 kWh B). 0.5 kWh C). 2 kWh D). 3 kWh

Correct Answer: C

**Q.5** **एक मशीन 150 N के आयास का उपयोग करके 600 N का लोड उठाती है। मशीन का यांत्रिक लाभ कितना होगा?**

Ans A). 2 B). 4 C). 5 D). 3

Correct Answer: B

**Q.6** **एक विद्यार्थी सूक्ष्मदर्शी से एक पादप कोशिका का अवलोकन करता है और देखता है कि इसमें एक स्पष्ट केंद्रक, सघन कोशिका द्रव्य और कोई दृश्यमान धानी नहीं हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा इस कोशिका का सबसे संभावित फंक्शन है?**

Ans A). संरचनात्मक सपोर्ट प्रदान करना B). सक्रिय कोशिका विभाजन और वृद्धि C). जल और पोषक तत्वों का भंडारण D). जल और खनिजों का परिवहन

Correct Answer: B

**Q.7** **यदि प्रकाश किरण किसी पतले गोलीय लेंस के प्रकाशिक केंद्र से होकर गुजरती है, तो निर्गत किरण का पथ क्या होता है?**

Ans A). यह मुख्य अक्ष की ओर मुड़ जाती है B). यह अपने मूल पथ के अनुदिश वापस परावर्तित हो जाती है C). यह बिना किसी विचलन के उसी दिशा में आगे बढ़ती है D). यह लेंस के पदार्थ द्वारा अवशोषित कर ली जाती है

Correct Answer: C

**Q.8** **एक रासायनिक अभिक्रिया में, 12g कार्बन, 32g ऑक्सीजन के साथ पूर्णतः अभिक्रिया करके कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है। यदि केवल 40g कार्बन डाइऑक्साइड एकत्रित होती है, तो द्रव्यमान संरक्षण के नियम के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष सही है?**

**Ans** A). अभिक्रिया के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त हो गई, इसलिए द्रव्यमान पूर्णतः एकत्रित नहीं हुआ।

B). द्रव्यमान सदैव ऊर्जा के रूप में नष्ट हो जाता है, इसलिए अंतिम द्रव्यमान कम हो जाता है।

C). द्रव्यमान के संरक्षण का नियम गैस निर्माण पर लागू नहीं होता है।

D). अभिक्रिया अपूर्ण है क्योंकि 4g द्रव्यमान अस्पष्टीकृत है।

**Correct Answer: A**

**Q.9** **निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन, संधारणीय विकास में सर्वाधिक सहायक होता है?**

**Ans** A). औद्योगिक विस्तार + अपशिष्ट डम्पन B). नवीकरणीय ऊर्जा + वृक्षारोपण C). जीवाश्म ईंधन + वनोन्मूलन D). जल का अति-उपयोग + प्लास्टिक उत्पादन

**Correct Answer: B**

**Q.10** **निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण इसकी पुष्टि करता है कि कोई अभिक्रिया एक संयोजन अभिक्रिया है?**

**Ans** A). तापमान अचानक कम हो जाता है B). अभिक्रिया के दौरान गैस विकसित होती है C). केवल एक नया पदार्थ निर्मित होता है D). अभिकारकों का रंग बदलता है

**Correct Answer: C**

**Q.11** **निम्नलिखित में से कौन-सा एक कार्बनिक यौगिक है?**

**Ans** A). NaCl B). $CO_2$ C). $CH_3Cl$ D). $CaCO_3$

**Correct Answer: C**

**Q.12** **जब कोई धातु ऑक्साइड किसी अम्ल के साथ अभिक्रिया करता है, तो निम्नलिखित में से किसका निर्माण होता है?**

**Ans** A). कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन गैस B). अंतिम उत्पाद के रूप में लवण और जल C). लवण और हाइड्रोजन गैस विमोचन

D). केवल अम्ल और धातु ऑक्साइड मिश्रण

**Correct Answer: B**

**Q.13** **निम्नलिखित का मिलान कीजिए।**

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| 1. अंडाशय | a. भ्रूण विकास स्थल |
| 2. डिम्बवाहिनी | b. अंडों और हार्मोन का स्राव |
| 3. गर्भाशय | c. वह स्थल जहाँ निषेचन होता है |

**Ans** A). 1–b, 2–c, 3–a B). 1–a, 2–c, 3–b C). 1–b, 2–a, 3–c D). 1–c, 2–b, 3–a

**Correct Answer: A**

**Q.14** **अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र पर एक वस्तु रखी है। यदि दर्पण को अब एक अपारदर्शी पदार्थ से आंशिक रूप से ढक दिया जाए, तो प्रतिबिंब में क्या बदलाव आएगा?**

**Ans** A). प्रतिबिंब अपनी जगह पर ही रहेगा, लेकिन धुंधला हो जाएगा। B). प्रतिबिंब दर्पण के करीब आ जाएगा और छोटा हो जाएगा।

C). प्रतिबिंब दर्पण से अधिक दूर चला जाएगा और उल्टा हो जाएगा। D). प्रतिबिंब पूरी तरह से लुप्त हो जाएगा।

**Correct Answer: A**

**Q.15** **घरों में विद्युत वायरिंग के लिए सामान्यतः कॉपर का उपयोग क्यों किया जाता है?**

**Ans** A). क्योंकि इसका गलनांक कम होता है B). क्योंकि यह चुंबकीय होता है C). क्योंकि इसका विद्युत प्रतिरोध कम होता है D). क्योंकि यह एक अल्प चालक है

**Correct Answer: C**

**Q.16** **एक वेदर बैलून (weather balloon) समुद्र तल से 15 km ऊंचाई तक ऊपर उठता है। तापमान बिंदु उत्क्रमित होकर ह्रासमान से वर्धमान हो जाता है, और यह परिवर्तन ________________।**

**Ans** A). समताप मंडल की शुरुआत में ओज़ोन द्वारा UV किरणों के अवशोषण के कारण होता है B). क्षोभमंडल के मध्य बिंदु पर नाइट्रोजन वितरण के कारण होता है

C). मध्यमंडल के आधार पर वायु दाब परिवर्तन के कारण होता है D). क्षोभमंडल के शीर्ष पर ग्रीनहाउस गैसों के कारण होता है

**Correct Answer: A**

**Q.17** **धूम्रपान के कारण फुफ्फुस (फेफड़ों) में अपसामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि से कौन-सा रोग होता है?**

**Ans** A). फुफ्फुस कैन्सर (Lung cancer) B). दमा (Asthma) C). श्वसनीशोथ (Bronchitis) D). वातस्फीति (Emphysema)

**Correct Answer: A**

**Q.18** जब हम निलंबन (suspension) को विलोडित करते हैं, तो उसके कणों में क्या घटित होता है?

Ans A). वे एक नया पदार्थ बनाते हैं B). वे स्थायी रूप से विलीन हो जाते हैं C). वे तल में ही रहते हैं D). वे अस्थायी रूप से मिश्रित होते हैं और फिर नीचे बैठ जाते हैं

Correct Answer: D

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन-से परमाणु-युग्म समभारिक हैं?

Ans A). ${}^{40}_{20}Ca$ और ${}^{40}_{18}Ar$ B). ${}^{14}_{6}C$ और ${}^{12}_{6}C$ C). ${}^{23}_{11}Na$ और ${}^{24}_{12}Mg$ D). ${}^{35}_{17}Cl$ और ${}^{37}_{17}Cl$

Correct Answer: A

**Q.20** धातुओं के निष्कर्षण के दौरान, सल्फाइड अयस्कों को वायु की उपस्थिति में अत्यधिक ताप पर गर्म करके ऑक्साइड में परिवर्तित किया जाता है। इस प्रक्रिया को ______ कहा जाता है।

Ans A). निस्तापन B). विलोपन C). भर्जन D). सल्फोनेशन

Correct Answer: C

**Q.21** किस पर्यावरणीय कारक के कारण पादप प्ररोह (plant shoot), खिड़की की ओर मुड़कर अनुक्रिया करता है?

Ans A). ताप B). गुरुत्व C). प्रकाश D). जल

Correct Answer: C

**Q.22** एक वेग–समय ग्राफ को समय अक्ष के समांतर और उससे ऊपर स्थित एक सीधी रेखा द्वारा निरूपित किया गया है। यह वस्तु की गति के बारे में क्या इंगित करता है?

Ans A). वस्तु घटते वेग से गतिमान है B). वस्तु बढ़ते वेग से गतिमान है C). वस्तु विराम अवस्था में है D). वस्तु नियत वेग से गतिमान है

Correct Answer: D

**Q.23** जंतुओं में कौन-सी प्रक्रिया ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में होती है और कम मात्रा में ऊर्जा मुक्त करती है?

Ans A). वायुजीवी श्वसन B). आवायुजीवी श्वसन C). प्रकाश संश्लेषण D). वाष्पोत्सर्जन

Correct Answer: B

**Q.24** यदि भिन्न द्रव्यमान वाली दो वस्तुओं पर समान बल लगाया जाए, तो उनके त्वरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans A). दोनों वस्तुओं का त्वरण समान होगा B). त्वरण केवल बल पर निर्भर करता है, द्रव्यमान पर नहीं C). कम द्रव्यमान वाली वस्तु का त्वरण अधिक होगा D). अधिक द्रव्यमान वाली वस्तु का त्वरण अधिक होगा

Correct Answer: C

**Q.25** यदि वसंत ऋतु के दौरान किसी पादप का फ्लोएम अवरुद्ध हो जाए, तो कौन-सी प्रक्रिया प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगी?

Ans A). पत्तियां, गैस विनिमय करने में असमर्थ होंगी B). जड़ों से पत्तियों तक जल का परिवहन कम हो जाएगा C). कलिकाओं की वृद्धि के लिए आवश्यक शर्करा प्राप्त नहीं होगी D). जड़ें, मृदा से पर्याप्त पोषकों को अवशोषित नहीं करेंगी

Correct Answer: C

**Q.26** दो ट्रेनें, जिनकी लंबाई क्रमशः 310 m और 320 m है, समानांतर पटरियों पर विपरीत दिशाओं में चलती हैं। पहली ट्रेन 67 km/h और दूसरी 59 km/h की चाल से चलती है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans A). 14 सेकंड B). 16 सेकंड C). 18 सेकंड D). 12 सेकंड

Correct Answer: C

**Q.27** दो संख्याओं का अनुपात 2 : 9 है। यदि छोटी संख्या में 4 और बड़ी संख्या में 3 जोड़ दिया जाए, तो अनुपात 1 : 4 हो जाता है। मूल बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 115 B). 127 C). 120 D). 117

Correct Answer: D

**Q.28** कितनी धनराशि (₹ में) पर 12% वार्षिक ब्याज दर से 4 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹960 प्राप्त होंगे?

Ans A). 1000 B). 4000 C). 6000 D). 2000

Correct Answer: D

**Q.29** X की आयु, Y की आयु से 20% अधिक है। यदि उनकी आयु का योग उनकी आयु के अंतर से 20 अधिक है, तो उनकी संबंधित आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 12 , 14 B). 12 , 10 C). 10 , 14 D). 10 , 13

Correct Answer: B

**Q.30** एक पात्र में द्रव A और B, 5 : 3 के अनुपात में हैं। यदि मिश्रण से 16 लीटर निकाल लिए जाए और उतनी ही मात्रा में द्रव B मिला दिया जाए, तो अनुपात 3 : 5 हो जाता है। पात्र की कुल धारिता कितनी है?

Ans A). 47 लीटर B). 33 लीटर C). 40 लीटर D). 44 लीटर

Correct Answer: C

**Q.31** एक व्यक्ति की मासिक आय ₹9,770 है। यदि उसकी आय में 27% की वृद्धि की जाती है, तो उसकी नई मासिक आय ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹12,507.50 B). ₹12,307.50 C). ₹12,207.90 D). ₹12,407.90 **Correct Answer: D**

**Q.32** एक रसायनज्ञ को दो द्रवों को 5 : 3 के अनुपात में मिलाकर 250 ml विलयन तैयार करना है। दूसरे द्रव की कितनी मात्रा (ml में) का उपयोग किया जाना चाहिए?

**Ans** A). 93.75 B). 125.25 C). 62.25 D). 156.25 **Correct Answer: A**

**Q.33** 5 cm और 25 cm त्रिज्याओं वाले दो वृत्तों के केंद्रों के बीच की दूरी 29 cm है। उभयनिष्ठ अनुस्पर्श रेखा की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 28 B). 27 C). 21 D). 13 **Correct Answer: C**

**Q.34** 8-अंकों की संख्या 753A3228 को 18 से विभाज्य बनाने के लिए A का मान कितना होना चाहिए?

**Ans** A). 9 B). 2 C). 6 D). 5 **Correct Answer: C**

**Q.35** यदि दो घनों के आयतन 27 : 64 के अनुपात में हैं, तो उनके संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 4 : 9 B). 9 : 25 C). 4 : 25 D). 9 : 16 **Correct Answer: D**


**Q.36** ₹20,000 की धनराशि पर R% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों के लिए, चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹162 है। R का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8 B). 9 C). 7 D). 6 **Correct Answer: B**

**Q.37** पाइप A एक टैंक को 3 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 10 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 15 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू होते हैं, तो उसी टैंक का 1/2 भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans** A). 2 B). 3 C). 1 D). 4 **Correct Answer: C**

**Q.38** कोई दुकानदार हीटर रॉड बेचता है, प्रत्येक हीटर रॉड का क्रय मूल्य ₹3,760 है। लाभ मार्जिन दिए गए ग्राफ में दर्शाए गए अनुसार मांग के आधार पर बदलता रहता है। यदि अक्टूबर से मार्च अंत तक प्रत्येक महीने एक रॉड बेचने पर कुल संप्राप्ति ₹24,966.40 है, तो मार्च महीने में अर्जित लाभ (% में) ज्ञात कीजिए।




**Ans** A). 7% B). 5% C). 10% D). 6% **Correct Answer: B**

**Q.39** यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 50 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 17 | 33 | 25 | 43 | x |

**Ans** A). 391 B). 402 C). 425 D). 411 **Correct Answer: B**

**Q.40** एक दुकानदार कुछ पेंसिलें ₹35 में 6 पेंसिल की दर से खरीदता है और उन्हें ₹65 में 10 पेंसिल की दर से बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत _______% है। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)

**Ans** A). 11.34 B). 13.14 C). 13.41 D). 11.43

**Correct Answer: D**

**Q.41** निम्नलिखित व्यंजक को सरल करें:

$[18-\{6+(4\times2)\}+3^2]\div3$

**Ans** A). $3\frac{1}{4}$ B). $2\frac{1}{3}$ C). $4\frac{2}{3}$ D). $4\frac{1}{3}$

**Correct Answer: D**

**Q.42** एक मैराथन धावक 42 km की रेस का $\frac{1}{3}$ भाग 12 km/h की चाल से तथा शेष $\frac{2}{3}$ भाग 10.5 km/h की चाल से कवर करता है। संपूर्ण रेस के लिए धावक की औसत चाल (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 11.86 km/h B). 10.96 km/h C). 10.86 km/h D). 11.96 km/h

**Correct Answer: B**

**Q.43** $(5^2)^3\times(5)^{-2}$ को सरल कीजिए।

**Ans** A). 3125 B). 25 C). 125 D). 625

**Correct Answer: D**

**Q.44** निम्नलिखित आँकड़ों का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)।

| वर्ग अन्तराल | 0-12 | 12-24 | 24-36 | 36-48 | 48-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 6 | 8 | 10 | 9 | 12 |

**Ans** A). 31.48 B). 32.46 C). 33.47 D). 34.48

**Correct Answer: C**

**Q.45** $\frac{\sin A}{1+\cos A}+\frac{1+\cos A}{\sin A}$ को सरल कीजिए।

**Ans** A). 2cosecA B). tanA C). 1 D). 2secA

**Correct Answer: A**

**Q.46** किसी वस्तु की कीमत में पहले 30% की वृद्धि की जाती है और फिर 30% की कमी की जाती है। वस्तु की कीमत में समग्र प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 9% की वृद्धि B). 18% की कमी C). 9% की कमी D). न तो वृद्धि और न ही कमी

**Correct Answer: C**

**Q.47** 84 m ऊंचाई और 13 m आधार त्रिज्या वाला एक शंक्वाकार तंबू है। यदि कपड़े की कीमत ₹40 प्रति वर्ग मीटर है, और तंबू के लिए प्रयुक्त कपड़े की कुल कीमत ₹E है, तो $\sqrt{\frac{E}{2041}-4}$ का मान ज्ञात कीजिए।

($\pi = 3.14$ का उपयोग कीजिए।)

**Ans** A). 2 B). 6 C). 4 D). 8

**Correct Answer: D**

**Q.48** ₹1,50,000 की धनराशि पर 20% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है।

**Ans** A). 69615 B). 66951 C). 69651 D). 66915

**Correct Answer: A**

**Q.49** $\frac{2\sin A}{(1+\cos A+\sin A)}\times\frac{(1+\sin A)}{(1-\cos A+\sin A)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 0 B). 3 C). 2 D). 1

**Correct Answer: D**

**Q.50** चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य समान है। दुकान I द्वारा उस पर 58% और 36% की दो क्रमिक छूट, दुकान II द्वारा 73% और 91% की क्रमिक छूट, दुकान III द्वारा 76% और 88% की क्रमिक छूट तथा दुकान IV द्वारा 79%, 68% और 96% की क्रमिक छूट दी जाती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

**Ans** A). I B). II C). III D). IV

**Correct Answer: D**

Q.51 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 2 3 8 9 4 5 2 3 6 7 5 9 5 2 7 3 2 6 8 1 9 2 7 6 4 5 (दाएँ)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनके ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans A). दो B). तीन C). एक D). तीन से अधिक

Correct Answer: B

Q.52 एक निश्चित तरीके से LN 12 का संबंध GI 6 से है। उसी तरह, SU 22 का संबंध NP 11 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VX 18 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans A). PR 9 B). RT 7 C). QS 9 D). SU 7

Correct Answer: C

Q.53 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए, ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया जाने वाला पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए जाने वाले पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : IDA :: CXU : %

Ans A). # = WRO, % = OJP B). # = WRO, % = OJG C). # = WRO, % = OKG D). # = CRO, % = OJG

Correct Answer: B

Q.54 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी हंस, बत्तख हैं।
कुछ हंस, मछली हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मछली, बत्तख हैं।
(II) कुछ बत्तख, हंस हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Correct Answer: D

Q.55 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) U $ % Q 4 3 Y © G U 8 3 6 @ & Q 3 5 K # 1 K (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो निम्नलिखित में से क्या बाएं से छठे स्थान पर आएगा?

Ans A). © B). 8 C). 3 D). @

Correct Answer: B

Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). ABD B). XYA C). BDE D). QRT

Correct Answer: C

Q.57 यदि '−' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

84 + 1 − 1 × 1 ÷ 9 = ?

Ans A). 79 B). 77 C). 76 D). 78

Correct Answer: C

Q.58 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 4 का संबंध 63 से है। उसी तर्क के अनुसार, 3 का संबंध 26 से है। समान तर्क के अनुसार, 5 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी है। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 125 B). 124 C). 126 D). 127

Correct Answer: B

Q.59 D, F, G, H, J, K और L एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
J के दाईं ओर से गिनने पर, J और H के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। D के निकटतम पड़ोसी F और K हैं। G के बाईं ओर से गिनने पर, G और L के बीच ठीक चार व्यक्ति बैठे हैं। F या H का निकटतम पड़ोसी L नहीं है।
H के बाईं ओर से गिनने पर, H और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). 1 B). 4 C). 3 D). 2

Correct Answer: C

Q.60 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'रणबीर + कार्तिक × हिमांश % सनी − काजल' हो, तो रणबीर का काजल से क्या संबंध है?

Ans A). भाई B). पिता C). पुत्र D). पति

Correct Answer: A

Q.61 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ डेस्क, हॉल हैं।
कोई हॉल, मेज नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई डेस्क, मेज नहीं है।
(II) कुछ मेज, हॉल हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Correct Answer: B

Q.62 शब्द EARLIER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएँ से चौथे अक्षर और दाएँ से तीसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 2 B). 5 C). 1 D). 3

Correct Answer: A

Q.63 शब्द COMPANY के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दाएं से पांचवें स्थान पर होगा?

Ans A). M B). O C). L D). B

Correct Answer: C

Q.64 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिनों में होती है। P की परीक्षा बुधवार को है। P और R के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। U की परीक्षा R के ठीक बाद है। U और Q के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। V की परीक्षा S के बाद लेकिन Q से पहले है। T की परीक्षा कब है?

Ans A). गुरुवार B). शनिवार C). रविवार D). सोमवार

Correct Answer: C

Q.65 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

VAN LOG ZIP GUM

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अगले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). तीन B). दो C). एक भी नहीं D). एक

Correct Answer: B

Q.66 छह व्यक्ति, C, D, E, O, P और Q, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
C और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, P के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। D और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठा है। O, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
Q और O के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). तीन B). एक C). एक भी नहीं D). दो

Correct Answer: D

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

RSP NOL JKH FGD ?

Ans A). BDY B). BCZ C). BBY D). BCE

Correct Answer: B

Q.68 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)
5 – 15 – 30 – 40 ; 6 – 18 – 36 – 46

Ans A). 9 – 27 – 54 – 60 B). 10 – 30 – 50 – 70 C). 8 – 24 – 36 – 48 D). 7 – 21 – 42 – 52

Correct Answer: D

Q.69 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएँ) TUG ZAX JAW LID (दाएँ)

दाएँ से तीसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएँ से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार कितने अक्षर हैं?

Ans A). 6 B). 2 C). 3 D). 4

Correct Answer: C

Q.70 यदि संख्या 1543862 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो बाईं ओर से दूसरे अंक और दाईं ओर से तीसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans A). 11 B). 13 C). 10 D). 12

Correct Answer: D

Q.71 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) T G O U P M U O A K A A T J P L I T U E E V (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans A). 1 B). 3 C). 4 D). 2

Correct Answer: D

Q.72 A, G, H, P, S और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
Y के ऊपर केवल H रहता है। Y के ठीक नीचे A रहता है। S के नीचे केवल G रहता है।
तीसरे तल पर कौन रहता है?

Ans A). H B). P C). A D). Y

Correct Answer: B

Q.73 H, I, J, L, M और N, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
L के नीचे केवल चार व्यक्ति रहते हैं। J, L के ऊपर किसी तल पर रहता है। H के नीचे केवल N रहता है। I, एक सम-क्रमांकित तल पर रहता है।
M के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). तीन B). दो C). एक D). चार

Correct Answer: B

Q.74 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ फल, सब्जियां हैं।
सभी सब्जियां, जानवर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ जानवर, फल हैं।
(II) कुछ फल, जानवर नहीं हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करता है C). दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Correct Answer: A

**Q.75** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

217 ÷ 62 × 434 − 493 + 307 = ?

Ans A). 227 B). 127 C). 217 D). 271

Correct Answer: C

**Q.76** विमल बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 25 km चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 15 km चलता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 26 km चलता है। इसके बाद वह फिर से बाएँ मुड़ता है और 19 km चलता है। अंत में वह फिर से बाएँ मुड़ता है, 1 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans A). 5 km, पश्चिम दिशा में B). 4 km, पूर्व दिशा में C). 5 km, पूर्व दिशा में D). 4 km, पश्चिम दिशा में

Correct Answer: B

**Q.77** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). OSU B). AFG C). BFH D). PTV

Correct Answer: B

**Q.78** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

24 29 37 48 62 ?

Ans A). 79 B). 83 C). 77 D). 81

Correct Answer: A

**Q.79** एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पति है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'P + Q – R × S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans A). पुत्र की पुत्री B). बहन C). पुत्री D). पुत्री की पुत्री

Correct Answer: D

**Q.80** नीचे दिए गए दो युग्मों के समुच्चय के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

FWU : EYR
JVF : IXC

Ans A). UQG : TSC B). KJN : JKK C). DHE : CJA D). NGQ : MIN

Correct Answer: D

**Q.81** ग्लोबल पीस इंडेक्स (Global Peace Index-GPI) 2025 में भारत की रैंक क्या थी?

Ans A). 113 B). 112 C). 114 D). 115

Correct Answer: D

**Q.82** अप्रैल 2026 में, RBI ने बेसल III के अंतिम मानदंडों के साथ संरेखित, क्रेडिट जोखिम के लिए मानकीकृत उपागम (SA) को लागू करने के निर्देश जारी किए। बैंकों के लिए इस नए पूंजीगत प्रभार ढांचे का अनुपालन करने की प्राथमिक कार्यान्वयन तिथि क्या निर्धारित की गई है?

Ans A). 1 जनवरी, 2026 B). 1 अक्टूबर, 2026 C). 31 मार्च, 2028 D). 1 अप्रैल, 2027

Correct Answer: D

**Q.83** पश्चिम बंगाल की पारंपरिक कशीदाकारी शिल्प (embroidery craft) को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण महिला कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए प्रसिद्ध, निम्नलिखित में से किसे 25 मई, 2026 को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म श्री से सम्मानित करने के लिए चुना गया था?

Ans A). शिवशंकरी B). सरोज मंडल C). रबिलाल टुडू D). तृप्ति मुखर्जी

Correct Answer: D

**Q.84** मार्च 2026 में भुलत्थ हॉकी कप (Bholath Hockey Cup) निम्नलिखित में से किस राज्य में आयोजित किया गया था?

Ans A). उत्तर प्रदेश B). राजस्थान C). पंजाब D). हरियाणा

Correct Answer: C

**Q.85** विजय अमृतराज को राष्ट्रपति भवन में 2026 के अलंकरण समारोह में, निम्नलिखित में से किस खेल के लिए पद्म भूषण प्राप्त हुआ?

Ans A). बैडमिंटन B). टेनिस C). शतरंज D). क्रिकेट

Correct Answer: B

**Q.86** जनवरी 2026 में निम्नलिखित में से किस पक्षी अभयारण्य को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था?

Ans A). चिल्का पक्षी अभयारण्य (Chilika Bird Sanctuary) B). नागी पक्षी अभयारण्य (Nagi Bird Sanctuary) C). पटना पक्षी अभयारण्य (Patna Bird Sanctuary) D). वेदांथंगल पक्षी अभयारण्य (Vedanthangal Bird Sanctuary)

Correct Answer: C

**Q.87** मई 2026 में, किस अंतर्राष्ट्रीय निकाय ने औपचारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) की उस ऐतिहासिक परामर्शदायी मत का समर्थन किया, जिसमें कहा गया है कि सभी देशों पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने का कानूनी दायित्व है?

Ans A). संयुक्त राष्ट्र महासभा (The UN General Assembly) B). संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (The UN Security Council) C). अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (The International Criminal Court) D). विश्व व्यापार संगठन (The World Trade Organization)

Correct Answer: A

**Q.88** नवंबर 2025 में, LVM3 प्रक्षेपण यान की 5वीं परिचालन उड़ान (LVM3-M5) के दौरान निम्नलिखित में से किस सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था?

Ans A). CMS-03 B). INSAT-3DS C). GSAT-24 D). CMS-02

Correct Answer: A

**Q.89** 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में सिंगल्स में करियर ग्रैंड स्लैम (Career Grand Slam) पूरा करने वाले सबसे कम आयु का पुरुष खिलाड़ी बनकर किसने टेनिस इतिहास रचा?

Ans A). कैस्पर रूड (Casper Ruud) B). जैनिक सिनर (Jannik Sinner) C). अलेक्जेंडर ज्वेरेव (Alexander Zverev) D). कार्लोस अल्काराज (Carlos Alcaraz)

Correct Answer: D

**Q.90** पारंपरिक चिकित्सा के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय बजट 2026–27 में किस प्रमुख AYUSH अवसंरचना पहल की घोषणा की गई थी?

Ans A). AYUSH फंडिंग को पूर्णतः राज्य सरकारों को स्थानांतरित करना B). आयुर्वेद के तीन नए अखिल भारतीय संस्थान स्थापित करना C). घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आयुर्वेदिक उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना D). निजी सुविधाओं को अपग्रेड करने के लिए WHO पारंपरिक चिकित्सा केंद्र को बंद करना

Correct Answer: B

**Q.91** जून और जुलाई 2026 में आयोजित होने वाले FIFA वर्ल्ड कप का 23वां संस्करण किस राष्ट्र समूह द्वारा सह-आयोजित होने के कारण ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है?

Ans A). जर्मनी, फ्रांस और नीदरलैंड (Germany, France, and the Netherlands) B). कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका (Canada, Mexico, and the United States) C). ब्राज़ील, अर्जेंटीना और उरुग्वे (Brazil, Argentina, and Uruguay) D). जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया (Japan, South Korea, and Australia)

Correct Answer: B

**Q.92** गृह मंत्रालय के अंतर्गत किस घरेलू प्रवर्तन या आपातकालीन शाखा ने गणतंत्र दिवस 2026 पर घोषित विशिष्ट सेवा के लिए 101 राष्ट्रपति पदकों (PSM) में से सबसे बड़ा हिस्सा प्राप्त किया?

Ans A). सुधारात्मक सेवा B). पुलिस सेवा C). अग्निशमन सेवा D). सिविल डिफेंस एवं होमगार्ड सेवा

Correct Answer: B

**Q.93** 2026 में प्रकाशित 'महात्मा: अ ग्रेट कम्युनिकेटर (Mahatma: A Great Communicator)' किस भारतीय लेखक द्वारा लिखी गई है?

Ans A). विक्रम सेठ B). शशि थरूर C). डॉ. धीरज काकड़िया D). अमीश त्रिपाठी

Correct Answer: C

**Q.94** अप्रैल 2026 में, ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने किस स्थान पर मित्र (MITRA) मिशन आरंभ किया था?

Ans A). लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख B). शिमला, हिमाचल प्रदेश C). देहरादून, उत्तराखंड D). श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर

Correct Answer: A

**Q.95** वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए, भारत के सभी राज्यों में से किस राज्य ने सर्वाधिक GST वृद्धि दर्ज की, जिसमें 28.4% की वृद्धि दर्ज के साथ ₹845 करोड़ का संग्रह हुआ?

Ans A). अरुणाचल प्रदेश B). नागालैंड C). मेघालय D). सिक्किम

Correct Answer: B

**Q.96** **वर्ष 2026 के दौरान सरकारी संचार में हाइलाइट किए गए 'शी-बॉक्स (SHe-Box)' प्लेटफॉर्म से प्राथमिक रूप से कौन-सा विधान संबद्ध है?**

Ans A). दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 B). घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 C). बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 D). महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013

**Correct Answer: D**

**Q.97** **DRDO ने 3 फरवरी 2026 को किस परीक्षण रेंज से सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (SFDR) तकनीक का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया, जो भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को विकसित करने में सक्षम देशों के एक विशिष्ट समूह में रखता है?**

Ans A). अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा B). पोखरण टेस्ट रेंज, राजस्थान C). एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), चांदीपुर, ओडिशा D). सूर्यलंका वायु सेना स्टेशन, आंध्र प्रदेश

**Correct Answer: C**

**Q.98** **मई 2026 में प्रकाशित पुस्तक 'जुबीन गर्ग: द वॉयस दैट ब्रिज्ड वर्ल्ड्स (Zubeen Garg: The Voice that Bridged Worlds)' निम्नलिखित में से किसने लिखी है?**

Ans A). प्रोसेनजीत नाथ B). परिस्मिता सिंह C). जाह्नवी बरुआ D). अनुराधा शर्मा

**Correct Answer: A**

**Q.99** **इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026, ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला वैश्विक AI शिखर सम्मेलन और 24 घंटे में प्राप्त सर्वाधिक AI उत्तरदायित्व प्रतिज्ञाओं के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया गया, नई दिल्ली में किस स्थान पर आयोजित किया गया था?**

Ans A). इंडिया इंटरनेशनल सेंटर B). विज्ञान भवन C). भारत मंडपम D). जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम

**Correct Answer: C**

**Q.100** **जनवरी 2026 में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (KISS), भुवनेश्वर में आयोजित एक सेमिनार के दौरान सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के स्थानीयकरण को किस राष्ट्रीय विजन से जोड़ा गया था?**

Ans A). विकसित भारत B). आत्मनिर्भर भारत C). डिजिटल इंडिया D). मेक इन इंडिया

**Correct Answer: A**

"